Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title: Need to deploy bomb disposal squads at Bina Junction and other railway stations in the country.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बीना एवं उसके आसपास विगत 27 जून, 2006 से 10 नवम्बर, 2006 के बीच में रेलवे ट्रेक पर 3 रेल गाड़ियों में बम की अफवाह से हजारों यात्री परेशान हुए तथा रेलवे कर्मचारी जीआरपी पुलिस प्रशासन भी घंटों परेशान रहा। 27 जून, 2006 को दिल्ली से आने वाली महामाया एक्सप्रेस रात्रि में बम की अफवाह से खड़ी रही। 16 अगस्त, 2006 को भोपाल बिलासपुर गाड़ी खुरई के पास नरेन नदी के पुल पर रेलवे ट्रेक पर बम जैसी वस्तु होने से हडकम्प मचा रहा। कई घंटे ट्रेन वहां खड़ी रही। इसी तरह 10 नवम्बर, 2006 को पंजाब मेल भी बीना में 4 घंटे खड़ी रही। उल्लेखनीय है कि तीनों ही घटनाओं में बम निरोधक दस्ता भोपाल से घंटों बाद पहुंचा। बीना जंकशन महत्वपूर्ण स्टेशन होने के बाद भी यहां स्थानीय स्तर पर बम की खोज की सामग्री नहीं है तथा बम प्राप्त होने पर उनको नट करने वाले एक्सपर्ट भी नहीं हैं। तीनों ही घटनाओं में घड़ियों के पैकेट, सट्टा पर्चा का पुलिन्दा जैसे सामान से अफरा तफरी मची। यात्रियों का सामान व्यापक मात्रा में चोरी हुआ बुजुर्ग यात्री परेशान हुए तथा मरीजों को तो बहुत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा क्योंकि ट्रेनें खाली कराई गई तथा सभी यात्रियों को बाहर आना पड़ा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध हे कि बीना मध्य प्रदेश सहित देश के सभी महत्वपूर्ण जंक्शनों पर बम खोजी संसाधन एवं उन्हें नट करने वाले एक्सपर्ट लोगों की व्यवस्था करवाने का सहयोग करें ताकि रेलों में यात्रा करने वाले यात्री निकंटक अपनी यात्रा सफल कर सकें।